SUNDAY | 13.11.2022 | मार्गशीर्ष कृष्ण-पंचमी विक्रम संवत-2079

उत्तर प्रदेश

अमर उजाला

महानगर वर्ष 54 । अंक 297 । पृष्ठ : 22 । मूल्य : सात रुपये

बरेली

•6 राज्य • 2 केंद्रशासित प्रदेश • 22 संस्करण

Page No. 09 : Middle

यूपीसीए अच्छा क्रिकेटर ही नहीं अच्छा इंसान बनने का भी दिला रही प्रशिक्षण

यूपीसीए के चेयरमैन यदुवीर और सचिव प्रदीप गुप्ता। *संवाद*

बरेली। कूच बिहार ट्रॉफी के उत्तर प्रदेश और नागालैंड के मुकाबले में खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने बरेली पहुंचे उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के डायरेक्टर यदुवीर सिंह और सचिव प्रदीप गुप्ता ने यूपीसीए की आगामी खेल योजनाओं पर चर्चा की। एसआरएमएस के मैदान में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि यूपीसीए खिलाड़ियों के व्यक्तित्व विकास के लिए उन्हें अलग से प्रशिक्षण दिला रही है, ताकि वे अच्छा क्रिकेटर बनने के साथ ही अच्छा इंसान भी बन सकें।

डायरेक्टर यदुवीर सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश के सभी जिलों में क्रिकेट को बढ़ावा देने के लिए टूर्नामेंट की संख्या बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश चूंकि सबसे बड़ा राज्य है। यहां बड़ी संख्या में खिलाड़ी खेलने आते हैं। सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को चुनने के लिए एसोसिएशन ने प्रदेश को 18 जोन में बांटा है। सभी जोन के खिलाड़ियों को पांच भागों में बांटकर टूर्नामेंट कराए जाते हैं। इनमें चयनित खिलाड़ी कानपुर में प्रशिक्षण लेते हैं।

सचिव प्रदीप गुप्ता ने बताया कि खिलाड़ियों की मानसिकता का उनके खेल पर गहरा असर पड़ता है। आजकल अभिभावक भी खिलाड़ियों से ज्यादा महत्वाकांक्षी हैं। एसोसिएशन की तरफ से पूरी कोशिश की जाती है कि खिलाड़ियों के चयन में निष्पक्षता बनी रहे। बरेली में क्रिकेट के विकास के सवाल पर उन्होंने आने वाले समय में यहां विजय हजारे समेत अन्य घरेलू टॉफी के मुकाबले कराने पर विचार किया जा रहा है। संवाद